**Press Release**

## राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार - गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में महिला महा जनसुनवाई का आयोजन

राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, आयोग "राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार" नामक एक जन सुनवाई का आयोजन कर रहा है। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है।

**यह महा जनसुनवाई 13 से 14 नवम्बर, 2025 को प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से गौतमबुद्ध नगर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मे आयोजित की जाएगी**, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर व आयोग के माननीय सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इस महा जनसुनवाई में जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

राष्ट्रीय महिला आयोग गौतमबुद्ध नगर और आसपास के सभी शहरों की महिलाओं से यह आग्रह करता है कि यदि वे किसी भी प्रकार की समस्या से पीड़ित हैं तो इस जन सुनवाई में भाग लेकर अपनी समस्या आयोग तक पहुचाएँ। आयोग आपकी प्रत्येक समस्या के समाधान को खोजने के लिए प्रयासरत रहेगा। सुनवाई मे भाग लेने से संबन्धित किसी भी जानकारी हेतु श्री मनमोहन (7011972862) से संपर्क किया जा सकता है।

---

**For more information, Please Contact**

Shri Shivam Garg

Media Advisor, NCW

Email: Shivamgarg.ncw@nic.in